प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

कार्यालय आदेश

लिपिकों की कमी एवं उनके कार्य के दबाव को देखते हुए तृतीय एवं वतुर्थवर्ग कर्मियों का स्थापना से संबंधित कार्य का प्रभार श्री विश्वजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है ।

अतएव श्री बलभद्र कुमार, लिपिक एवं श्री रंजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को आदेश दिया जाता है कि आपके पास तृतीय एवं वतुर्थवर्ग कर्मियों का स्थापना से संबंधित जो भी कार्य का प्रभार है, उसे श्री विश्वीत कुमार, लिपिक को यथाशीघ्र सौंपना सुनिश्चित करेंगे ।

श्री विश्वजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को निर्देश दिया जाता है कि आप श्री बलभद्र कुमार, लिपिक एवं श्री रंजीत कुमार, लिपिक से तृतीय एवं वतुर्थवर्ग कर्मियों का स्थापना से संबंधित कार्य का प्रभार ग्रहण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे । प्रायः यह भी सूचना मिलती है कि कुछ कर्मियों की संचिका कार्यालय में उपलब्ध नही है, अतएव सभी संचिका को आप अपने अधीनस्थ सूची तैयार कर ही रखेंगे। आप पूर्व से आवंटित अपने कार्य के अतिरिक्त संबंधित कार्य का सम्पादन करेंगे। प्रभार ग्रहण के उपरांत प्रभार प्रतिवेदन की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे।

इसके अतिरिक्त कार्य को सुगमता पूर्वक निष्पादन के मद्वेनजर श्री विश्वजीत कुमार, लिपिक को CFMS/HRMS का Maker एवं प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन को Checker (जिसे अधोहस्ताक्षरी के स्तर से Approval किया जाएगा) के रूप में प्राधिकृत करते हुए संबंधित कार्य सम्पादन का निदेश दिया जाता है ।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू समझा जाए ।

ह0/–
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः– 543/22 दिनांकः– 26/08/22

प्रतिलिपिः–
1. सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी प्राध्यापक प्रशासन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
3. बरसर/लेखापाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।
4. श्री बलभद्र कुमार, लिपिक/श्री रंजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।
5. श्री विश्वजीत कुमार, लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

26/8/22
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर